BSES
BSES Yamuna Power Limited

SYNERGY

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

मई – 2016

बीवाईपीएल की जीरो बैलेंस स्कीमः उपभोक्ताओं ने जीते पुरस्कार

बीवाईपीएल के मेगा लकी ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा हो गई है। वरिष्ठ व सम्मानित आरडब्ल्यूए सदस्यों ने बीवाईपीएल के कड़कड़डूमा मुख्यालय में कंप्यूटराइज्ड मेगा लकी ड्रॉ की प्रक्रिया को संचालित किया। बीवाईपीएल के सीनियर अधिकारियों ने 26 अप्रैल को विजेताओं को उनके पुरस्कारों से सम्मानित किया।

मेगा लकी ड्रॉ में बीवाईपीएल उपभोक्ताओं ने जीते मोटरसाइकल, एलईडी टीवी, रेफ्रिजरेटर व वॉशिंग मशीन। इसके अलावा, डिविजन स्तर पर हुए लकी ड्रॉज में उपभोक्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में एलईडी बल्ब्स भी जीते।

लकी ड्रॉ और मेगा लकी ड्रॉ, बीवाईपीएल के जीरो बैलेंस स्कीम का एक हिस्सा था, जिसे कंपनी ने पूर्वी और मध्य दिल्ली में रहने वाले अपने उपभोक्ताओं के लिए लॉन्च किया था। बिजली उपभोक्ताओं के बीच, समय पर बिल भुगातान करने की आदत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस साल की शुरूआत में यह स्कीम लॉन्च की गई थी। 31 मार्च 2016 तक यह स्कीम चली।

विजेताओं का विवरण उनके नाम और सीए नंबर के साथ बीएसईएस की वेबसाइट www.bsesdelhi.com पर उपलब्ध है।

बीवाईपीएल कर रही है जागरूकता रैलियों का आयोजन

बिजली चोरी के खतरों और दुष्परिणामों तथा ऊर्जा संरक्षण के फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए बीवाईपीएल ने पूर्वी और मध्य दिल्ली के विभिन्न इलाकों में जागरूकता रैली का आयोजन करना शुरू किया है। एनजीओ सोफिया के सहयोग से इन रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में, दरियागंज, चांदनी चौक, पहाड़गंज, नंद नगरी, यमुना विहार, जीटी रोड और करावल नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जागरूकता रैलियों में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, अभिभावकों और संबंधित इलाकों के नागरिकों हिस्सा लिया।

बिजली की दिक्कत हो, तो यहां बताएं

टेलीफोनः 399–99–808

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399–99–808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

एसएमएसः 5616108

टाइप करें–बीएसईएस वाईपी, स्पेस दें, NC (No Current) लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें (BSESYP—NC—CA No) और 5616108 पर भेज दें।

मोबाइल ऐप

www.bsesdelhi.com / Google Play से डाउनलोड करें। उसके बाद ऐप पर क्लिक करें, नौ अंकों वाला सीए नंबर डालें और सेवा का चयन कर अनुरोध/ शिकायत दर्ज करें।

स्ट्रीट लाइट शिकायतों के लिए हेल्पलाइन – 41999808

बीवाईपीएल स्ट्रीट लाइट शिकायतों व आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग से एक हेल्प लाइन सेवा मुहैया करा रही है। इस पर स्ट्रीट लाइट, बिजली के करंट व बिजली से लगी आग की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। टेलीफोन नंबर है– 41999808 । यह सेवा सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

इस सेवा से पूर्वी और मध्य दिल्ली के 15 लाख बीवाईपीएल उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। वैसे, उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 399 99 808 पहले से ही मौजूद है, जहां वे बिजली संबंधी अन्य शिकायतों के साथ–साथ वे स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं। पूर्ण समर्पित नए नंबर की सुविधा उन्हें अलग से दी गई है।

क्यों होती है बिजली गुल!

बीवाईपीएल अपने 15 लाख ग्राहकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन, कुछ कारणों की वजह से हमारे प्रयास बाधित होते हैं, जिनमें से कुछ हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। ये निम्नलिखित हैं–

(1) ग्रिड में लो फ्रिक्वेंसी (2) बिजली उत्पादन इकाइयों में उपकरणों का ब्रेकडाउन (3) ट्रांसमिशन लाइनों और उपकरणों में क्षमता संबंधी बाधाएं व ब्रेकडाउन (4) बिजली चोरी की वजह से बिजली वितरण सिस्टम में ट्रिपिंग व खराबी (5) अवैध व अनाधिकृत कब्जों की वजह से वितरण स्तर पर ब्रेकडाउन होना (6) लोकल फॉल्ट्स और (7) सिस्टम में सुधार हेतु, मरम्मत व रख–रखाव कार्यों के लिए योजनाबद्घ तरीके से शटडाउन।

बीएसईएस अनाधिकृत निर्माण करने वाले लोगों से अपील करती है कि वे बिजली नेटवर्क और मेन्स के पास से सभी गैर कानूनी व अनाधिकृत निर्माण हटा लें।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजेंः कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा,
दिल्ली–110032, सीआईएनः U74899DL2001PLC111525
फोनः 011-399-97-111/399-99-273,
ईमेलः Bypl.Feedback@relianceada.com, वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारामुद्रित